**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.11.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पहले चरण में 43 सीटों के लिए 13 नवंबर को होनेवाले चुनाव को लेकर सभी दलों ने झोंकी ताकत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सिमडेगा और लोहरदगा में किया प्रचार।**
2. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल तीन जनसभाओं को करेंगे संबोधित, जमशेदपुर में करेंगे रोड शो, प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा–पार्टी माटी, बेटी और रोटी बचाने के लिए कृतसंकल्पित।**
3. **एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र– युवाओं, महिलाओं और किसानों पर विशेष जोर।**
4. **विधानसभा चुनाव को लेकर जांच अभियान तेज, हजारीबाग से करीब दो करोड़ 41 लाख रूपये की अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार।**

********************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक जहां एक ओर जीत के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एनडीए के नेता पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावा पेश कर रहे हैं।

********************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज सिमडेगा और लोहरदगा में दो चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश को दो–तीन लोग ही चलायें।

********************

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने आज रांची और खरसावां समेत कई क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। श्री सरमा ने खरसावां में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए हिन्दू समाज को बांटने का आरोप लगाया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी लातेहार और पलामू में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने चक्रधरपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

********************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में कई जनसभाओं को संबोधित किया। श्री सोरेन ने लातेहार में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं की राज्य की खनिज संपदा पर बुरी नजर है। श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा आदिवासी दलित विरोधी है।

झामुमो की वरिष्ठ नेता कल्पना सोरेन ने आज गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा के अलावा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के नेताओं के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्रीमती सोरेन ने भवनाथपुर के रारो मैदान में पार्टी प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने भी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चतरा में चुनावी सभा को संबोधित किया।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर दूसरी बार दस नवंबर को झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि श्री मोदी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे रांची में रोड शो भी करेंगे।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कल झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। श्री शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

***************

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने आदिवासी सरना समाज की ओर से रांची में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

***************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज जामताड़ा और कोडरमा समेत कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने जामताड़ा के फतेहपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में इंडी गठबंधन की सरकार ने राज्य को लूटने और यहां की जनता को ठगने का काम किया है।

***************

एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी ने आज अपना तीस सूत्री चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं और किसानों पर विशेष फोकस किया गया है। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने घोषणा पत्र जारी करते हुए युवाओं पर खास जोर दिया है। उन्होंने कहा कि युवा सरकार सबको रोजगार हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान श्री महतो ने राज्य की वर्तमान सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर जांच अभियान तेज कर दिया गया है। हजारीबाग जिले के चौपारण थानाक्षेत्र से पुलिस ने करीब 49 किलोग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार में अनुमानित लागत 2 करोड़ 41 लाख बतायी जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 29 लाख रूपये से अधिक की नकदी, दो चार पहिया और एक दो पहिया वाहन भी बरामद किया है।

***************

त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से आज भी कई विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। टाटानगर–बक्सर और रांची–आनंद विहार स्पेशल ट्रेन का आज परिचालन किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य मार्गों पर भी त्यौहारी विशेष ट्रेनें चलायी जा रही हैं।

*******समाप्त*******